आईनॉक्स विंड लिमिटेड का सार्वजनिक निर्गम 18 को खुलेगा

अहमदाबाद। गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटेड की सब्सिडियरी आईनॉक्स विंड लिमिटेड (कम्पनी) द्वारा बुधवार 18 मार्च को (प्रति इक्विटी शेयर प्रीमियम सहित) 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों को सार्वजनिक निर्गम में खोलने का प्रस्ताव है जिसमें लगभग 7,000 मिलियन रुपए के इक्विटी शेयर के फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल के अन्तर्गत गुजरात फ्लूरोकेमिकल्स लिमिटेड (बिक्रीकर्ता शेयरधारक) (ऑफर फॉर सेल) के 10,000,000 इक्विटी शेयर्स शामिल हैं। फ्रेश इश्यू व ऑफर फॉर सेल को संयुक्त रूप से इश्यू कहा जाता है। इश्यू में प्रतिस्पर्धा के आधार पर 500,000 इक्विटी शेयर्स को योग्य कर्मचारियों के सब्सक्रिप्शन हेतु आरक्षित किया गया है। कर्मचारियों के आरक्षित भाग के अलावा इश्यू को आगे नेट इश्यू कहा जाएगा। यह जानकारी कम्पनी के निदेशक दीपक एंटर ने देते हुए बताया कि प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैण्ड 315 रुपए से 325 रुपए के बीच रखी गई है। यह बिड/इश्यू 20 मार्च, 2015 को बन्द होगा। न्यूनतम बिड लॉट 45 इक्विटी शेयरों का होगा और उसके बाद यह 45 इक्विटी शेयरों के गुणकों में होगा। ग्लोबल कोर्डिनेटर्स व बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (जीसी–बीआरएलएमएस) व बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) (जिन्हें संयुक्त तौर पर मैनेजर कहा जाता है) के कंसलटेशन में कम्पनी और बिक्रीकर्ता ने योग्य कर्मचारियों व रिटेल इंवेस्टर्स (रिटेल डिस्काउण्ट) को निर्गम मूल्य पर 15 रुपए की छूट देने का फैसला किया है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जा रहे इक्विटी शेयर्स को बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध किया जाना प्रस्तावित है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, डएसपी मेरिल लिंच लिमिटेड और एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड इस इश्यू के ग्लोबल कोर्डिनेटर्स व बुक रनिंग लीड मैनेजर्स (जीसी–बीआरएलएम) हैं और यह बैंक लिमिटेड इसका बुक रनिंग लीड मैनेजर है। इस इश्यू को बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत भारत के आवंटन प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के विनियम 2009 (सेबी आईसीडीआर विनियम) के अनुसार जारी किया जा रहा है जहां नेट इश्यू का 50 फीसदी हिस्से को अनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) को विवेकाधीन आधार पर एंकर इंवेस्टर आवंटन मूल्य पर एंकर इंवेस्टर्स को आवंटित किया जा सकता है जिसका कम से कम एक तिहाई हिस्सा केवल घरेलू म्युचुअल फण्ड हेतु आवंटन के लिए उपलब्ध होंगे। एंकर इंवेस्टर्स बिड/इश्यू के खुलने से एक कार्य दिवस पहले यानि 17 मार्च 2015 को बोली लगाएंगे। आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित कम्पनी आईनॉक्स विंड लिमिटेड भारत के प्रमुख विंड पावर सोल्यूशन प्रदाताओं में से एक है। अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनियों आईनॉक्स विंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड और मारुति शक्ति एनर्जी इंडिया लिमिटेड के साथ कम्पनी अपने बड़े कॉर्पोरेट, आईआईपी व पीएसयू जैसे ग्राहकों के लिए विंड टर्बाइन जेनरेटर या डब्लूटीजी के निर्माण और डब्लूटीजी की आपूर्ति के माध्यम से टर्नकी सर्विसेज उपलब्ध कराती है और विंड रिसोर्स असेसमेन्ट, साइट अधिग्रहण, बुनियादी ढांचे के विकास व विंड पावर प्रोजेक्ट्स के रखरखाव व संचालन से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराती है। इसके पास नैकेल्स, हब्स, रोटर ब्लेड सेट व टावरों के बेहतरीन सुविधा है।